## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ
## पीठासीन अधिकारी सुश्री अंशुल आमेरिया (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 81/2020

### अनवान

1. कन्हैया लाल पुत्र श्री लालू गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
2. लादू लाल पुत्र श्री लालू गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
3. नंद लाल पुत्र श्री लालू गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
4. पूरण लाल पुत्र श्री लालू गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
5. नन्दू पुत्री श्री लालू गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
6. गणेश लाल पुत्र श्री चुना गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
7. नारायण पुत्र श्री जोधा गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
8. मांगू पुत्र श्री छोगा गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ जिला भीलवाडा।

–प्रार्थीगण

### बनाम

1. गोमा लाल पुत्र श्री लादू लाल गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
2. केसु लाल पुत्र श्री लादू गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
3. नारायण लाल पुत्र लादू लाल गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
4. कालू लाल पुत्र श्री छीतर गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
5. भैरू लाल पुत्र श्री छीतर गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
6. अमरा पुत्र श्री छीतर गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
7. नारायण पुत्र श्री भैरू लाल गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
8. लहरू लाल पुत्र श्री भैरू लाल गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
9. बद्री लाल पुत्र श्री भैरू लाल गाडरी निवासी सायला तह हमीरगढ।
10. नारायण पुत्र श्री गोपी कुम्हार निवासी सायला तह हमीरगढ।
11. मांगू पुत्र श्री देवा कुम्हार निवासी सायला तह हमीरगढ।
12. लादू सिंह पुत्र श्री सज्जन सिंह राजपुत निवासी सायला तह हमीरगढ जिला भीलवाडा।
13. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज)

–अप्रार्थीगण

### प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956
### निर्णय दिनांक 17–02–2022

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भॅू–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 05.10.2020 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम सायला पटवार हल्का दुडिया भू.अ.नि. हमीरगढ तह हमीरगढ जिला भीलवाडा में उसके खाते की खाता संख्या 15 की कृषि भूमि की आराजी नम्बर 222 रकबा 0.3794 है0, आराजी नम्बर 232 रकबा 0.4932 है0, आराजी नम्बर 233 रकबा 0.3161 है0, आराजी नम्बर 315 रकबा 0.6449 है0 आराजी नम्बर 628/224 रकबा 0.1012 है0 कुल किता 05 रकबा 1.9348 है0 एवं खाता संख्या 179 मे आराजी नम्बर 221 रकबा 1.4542 है0 खाता संख्या 172 मे आराजी नम्बर 223 रकबा 0.0253 है0 आराजी नम्बर 224 रकबा 0.0759 है0 कुल किता 02 रकबा 0.1012 है0।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 07.10.2020 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 1 से 12 बावजूद विधिवत प्रक्रियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त [illegible] प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Anshul Aameria
Date: 2022.10.11 16:52:56 IST
Reason: SelfAttested

प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ़, भीलवाड़ा

## —::आदेश::—

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि **ग्राम सायला पटवार हल्का दुडिया भू.अ.नि. हमीरगढ तह हमीरगढ जिला भीलवाडा में उसके खाते की खाता संख्या 15 की कृषि भूमि की आराजी नम्बर 222 रकबा 0.3794 है0, आराजी नम्बर 232 रकबा 0.4932 है0, आराजी नम्बर 233 रकबा 0.3161 है0, आराजी नम्बर 315 रकबा 0.6449 है0 आराजी नम्बर 628/224 रकबा 0.1012 है0 कुल किता 05 रकबा 1.9348 है0 एवं खाता संख्या 179 मे आराजी नम्बर 221 रकबा 1.4542 है0 खाता संख्या 172 मे आराजी नम्बर 223 रकबा 0.0253 है0 आराजी नम्बर 224 रकबा 0.0759 है0 कुल किता 02 रकबा 0.1012 है0।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रकिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 1600/—रू0 पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/—रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 17/02/2022 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(अंशुल आमेरिया)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ़, भीलवाड़ा

Signature Not Verified

Digitally signed by Anshul Aameria
Date: 2022.10.11 16:52:56 IST
Reason: SelfAttested